UNIT 1

# चैंपियन्स

मध्यम



आत्मा के
फल से
चैंपियन्स।

मध्यम

**मध्यम**


छात्र पुस्तक




# चैंपियन बनने के लिए...


... आपको और मुझे आत्मा के फल के अनुसार जीवन जीने की आवश्यकता है, और हमारे पापों के विरूद्ध हर दिन हमें संघर्ष करना है। यह कोई आसान काम नहीं है, और इसके लिए मेहनत, समय, पसीना और कड़े प्रशिक्षण की जरूरत होती है।

## हालांकि, एक विजेता बनने के लिए, आपको एक अनुशिक्षक या कोच की आवश्यकता होगी।



हर हफ्ते आप अपने काम को सीखने और प्रशिक्षण पाने के लिए इस कक्षा में आओ और अपने कोच की बातों को सुनो। याद करने की आयत को सीखो, बाइबल कहानियों को सुनो, और इस बात को सीखने में मदद पाएं कि आप किस तरह से अपने हृदय और जीवन से इस पाप को ''नॉकआउट'' कर सकते हो जो आपमें संघर्ष करता रहता है।


फिर इस हफ्ते के दौरान, उस ''रिंग'' में उतरें और जो कुछ आपने सीखा है उसे अपने वास्तविक जीवन में अमल करें। हर समय जब आप गृहकार्य करते हो जिसका शीर्षक है ''रिंग के अंदर'' तो आप पाप को एक बड़ा पंच या मुक्का मारते हो!



## संघर्ष को जारी रखो, तब आप प्रतियोगिताओं को जीत सकोगे और एक चैंपियन बन पाओगे!



www.ChildrenAreImportant.com – Children's ministry resources, Sunday School, and Vacation Bible School (VBS) curriculum for churches and teachers. Hindi



# प्यार–बनाम–स्वार्थता

*बाइबल की कहानी: यीशु क्रूस पर मरते हैं*

मत्ती 27: 27–56







याद करने की आयत:

**हम ने प्रेम इसी से जाना, कि उस ने हमारे लिए अपने प्राण दे दिए; और हमें भी भाइयों के लिये प्राण देना चाहिए।**

1 यूहन्ना 3:16






## रिंग के अंदर

आपके दोस्त द्वारा सुझावित एक खेल खेलो, उस समय तक खेलो जबतक वे चाहते हैं (यदि अनुमति हो तो)। आप उनको न बतायें कि आप क्या खेलना चाहते हो। इस समय, आपकी इच्छाओं को महत्व न दें, क्योंकि आप अपने बारें में न सोचते हुए उनके प्रति सच्चे प्यार को दिखा रहो हो।




www.ChildrenAreImportant.com – Children's ministry resources, Sunday School, and Vacation Bible School (VBS) curriculum for churches and teachers. Hindi




# प्यार–बनाम–न्यायी रवैया

*बाइबल की कहानी: तिनका और लट्ठा*

मत्ती 7: 1–5





याद करने की आयत:

**दोष मत लगाओ, कि तुम पर भी दोष न लगाया जाए। क्योंकि जिसे प्रकार तुम दोष लगाते हो, उसी प्रकार तुम पर भी दोष लगाया जाएगा; और जिस नाप से तुम नापते हो, उसी से तुम्हारे लिये भी नापा जाएगा।**

मत्ती 7:1–2




## रिंग के अंदर

किसी को कहें ''अच्छा किया'' और जो आपको अच्छा लगा है उस पर उनकी सराहना करें। जेब में रखने लायक एक छोटा दर्पण हमेशा अपने साथ पूरे दिन रखें। जब आपको किसी पर दोष लगाने का प्रलोभन होता है, तब अपनी जेब से उस दर्पण को निकालें और अपने आप को देखें। अपने आप को स्मरण कराएं कि आपको दूसरों के दोष को दूर करने की आज कोई आवश्यकता नहीं है।



www.ChildrenAreImportant.com – Children's ministry resources, Sunday School, and Vacation Bible School (VBS) curriculum for churches and teachers. Hindi



# प्यार–बनाम–घृणा

*बाइबल की कहानी: यहूदा यीशु को पकड़वाता है*


मत्ती 26: 14–16

याद करने की आयत:

**यदि कोई कहे, कि मैं परमेश्वर से प्रेम रखता हूं; और अपने भाई से बैर रखे; तो वह झूठा है: क्योंकि जो अपने भाई से, जिसे उस ने देखा है, प्रेम नहीं रखता, तो वह परमेश्वर से भी जिसे उस ने नहीं देखा, प्रेम नहीं रख सकता।**

1 यूहन्ना 4:20









## रिंग के अंदर

ऐसे व्यक्ति के साथ कोई अच्छा काम करो जिसे आप नापसंद करते हो। जब आप किसी दूसरे को धोखा करते या उलझते हुए देखते हो तब भी अपनी जुबान को रोके रहो। उनके बारे में बात न करें या न ही उन्हें मुसीबत में डालें।




www.ChildrenAreImportant.com – Children's ministry resources, Sunday School, and Vacation Bible School (VBS) curriculum for churches and teachers. Hindi



# प्यार–बनाम–स्व धार्मिकता

*बाइबल की कहानी: अच्छे सामरी का दृष्टान्त*

लूका 10: 25–37




याद करने की आयत:

**उस ने उत्तर दिया, कि तू प्रभु अपने परमेश्वर से अपने सारे मन और अपने सारे प्राण और अपनी सारी शक्ति और अपनी सारी बुद्धि के साथ प्रेम रख; और अपने पड़ोसी से अपने समान प्रेम रख।**

लूका 10:27









## रिंग के अंदर

इस हफ्ते किसी जरूरतमंद की मदद के लिए रूकें, और उन सभी बहानों से बचें जो आपको ऐसा करने से पीछे धकेलता है। किसी ऐसे जन के लिए कुछ खास करो जो समाज में आपके बराबर का नहीं है।




www.ChildrenAreImportant.com – Children's ministry resources, Sunday School, and Vacation Bible School (VBS) curriculum for churches and teachers. Hindi




# प्यार–बनाम–आत्मिक घमंड़

*बाइबल की कहानीः दाऊद राजा होने के लिए चुना गया*

1 शमूएल 16:1—13




याद करने की आयत :

प्रेम धीरजवन्त है, और कृपाल है; प्रेम डाह नहीं करता; प्रेम अपनी बड़ाई नहीं करता, और फूलता नहीं। वह अनरीति नहीं चलता, वह अपनी भलाई नहीं चाहता, झुंझलाता नहीं, बुरा नहीं मानता। कुकर्म से आनन्दित नहीं होता, परन्तु सत्य से आनन्दित होता है। वह सब बातें सह लेता है, सब बातों की प्रतीति करता है, सब बातों की आशा रखता है, सब बातों में धीरज धरता है।

1 कुरिन्थियों 13 : 4—7





## रिंग के अंदर

परमेश्वर से पूछें कि क्या कोई ऐसा आत्मिक अभ्यास है जिसे आपको रोकनी चाहिए, जबकि आप अपने ध्यान को प्यार की ओर ले जाते हो। इस हफ्ते प्यार को दिखाने के लिए अधिक कार्य करें। घमंड़ न करें, वहीं करें जो दूसरों के लिए उत्तम हो, न कि अपने लिए, और साथ ही लोगों को उनकी गलतियों के लिए जिम्मेदार न ठहराएं।




www.ChildrenAreImportant.com – Children's ministry resources, Sunday School, and Vacation Bible School (VBS) curriculum for churches and teachers. Hindi




# आनन्द–बनाम–ईर्ष्या

*बाइबल की कहानीः धार्मिक अगुवे ईर्ष्यालु होते हैं*

प्रेरितों के काम 5:12–33





याद करने की आयतः

**क्योंकि अब तक शारीरिक हो, इसलिये, कि जब तुम में डाह और झगड़ा है, तो क्या तुम शारीरिक नहीं? और मनुष्य की रीति पर नहीं चलते?**

1 कुरिन्थियों 3:3




## रिंग के अंदर

आत्मिक वरदानों के लिए परमेश्वर को धन्यवाद दें : जैसे कि शारीरिक सौंदर्य, संपत्ति और आपके परिवार के लिए। परमेश्वर से मांगें कि वह आपको उन चीज़ों में खुश और संतुष्ट रहने में मदद करें जो आपके पास हैं। किसी ऐसे जन को चुनों जिनसे आप ईर्ष्या रखते थे और जाकर उन्हें एक छोटा उपहार दें। (अपनी पुरानी ईर्ष्या के बारें में उसे न बतायें)।




www.ChildrenAreImportant.com – Children's ministry resources, Sunday School, and Vacation Bible School (VBS) curriculum for churches and teachers. Hindi



# आनन्द–बनाम–लालच

*बाइबल की कहानी: धनवान नौजवान*

मत्ती 19: 16–30







याद करने की आयत:

**और उस ने उन से कहा, चौकस रहो, और हर प्रकार के लोभ से अपने आप को बचाए रखो: क्योंकि किसी का जीवन उस की संपत्ति की बहुतायत से नहीं होता।**

लूका 12:15






## रिंग के अंदर

कलीसिया में अपने स्वयं के धन में से कुछ परमेश्वर के लिए भेंट की पेटी में डालें, न जानते हुए भी कि यह धन कहां जाता है। अपने धन में से कुछ दूसरों की सेवा के लिए उपयोग करें। यदि आपके पास धन न हो तो आप अपने किसी चीज़ को लेकर किसी जरूरतमंद को दे सकते हो।




www.ChildrenAreImportant.com – Children's ministry resources, Sunday School, and Vacation Bible School (VBS) curriculum for churches and teachers. Hindi






# आनन्द–बनाम–आत्मदया

*बाइबल की कहानी: योना और कीड़ा*

योना 4:1–10








याद करने की आयत:

**क्योंकि हमारा पल भर का हल्का सा क्लेश हमारे लिये बहुत ही महत्वपूर्ण और अनन्त जीवन की महिमा उत्पन्न करता जाता है। और हम तो देखी हुई वस्तुओं को नहीं परन्तु अनदेखी वस्तुओं को देखते रहते हैं, क्योंकि देखी हुई वस्तुएं थोड़े ही दिन की हैं, परन्तु अनदेखी वस्तुएं सदा बनी रहती हैं।**

2 कुरिन्थियों 4:17–18



## रिंग के अंदर

किसी अनाथालय या किसी ऐसी सेवकाई में मदद करो जो गरीबों को भोजन बांटती है। बीच बीच में, अस्पताल जाकर किसी बीमार व्यक्ति से मिलो। परमेश्वर से प्रार्थना करो कि वह आपको बड़ी तस्वीर देखने के लिए आंखें खोल दें, और केवल अपने ऊपर आंखें जमाये रखने से बचने में मदद करे।




www.ChildrenAreImportant.com – Children's ministry resources, Sunday School, and Vacation Bible School (VBS) curriculum for churches and teachers. Hindi

# आनन्द–बनाम–आभारहीनता

*बाइबल की कहानीः यीशु ने 10 कुष्ठ रोगियों को चंगा किया*

लूका 17: 11–19





याद करने की आयतः

**उसके फाटकों से धन्यवाद, और उसके आंगनों में स्तुति करते हुए प्रवेश करो, उसका धन्यवाद करो, और उसके नाम को धन्य कहो!**

भजन 100:4




## रिंग के अंदर

अपने माता–पिता (या किसी अन्य) को उन चीजों के लिए धन्यवाद दें जो वे आपको रोज देते हैं। कुछ ऐसा चुनें जिनके बिना आप कुछ समय के लिए चल सकें, ताकि आपको याद रहें कि यह हमेशा आपके साथ नहीं रहेगा।





www.ChildrenAreImportant.com – Children's ministry resources, Sunday School, and Vacation Bible School (VBS) curriculum for churches and teachers. Hindi

# शांति–बनाम–चिंता

*बाइबल की कहानीः एलिय्याह कौवों द्वारा खिलाया गया*

1 राजा 17: 1–6





याद करने की आयतः

**इसलिये पहिले तुम उसके राज्य और धर्म की खोज करो तो ये सब वस्तुएं तुम्हें मिल जाएंगी।**

मत्ती 6:33

## रिंग के अंदर

जो कुछ आपके पास है उसे किसी दूसरे के साथ बांटें, भले ही इसका मतलब आपको इसके बिना रहना हो। जैसे कि खाना, कपड़ा, बस का किराया, या कुछ ऐसा जिसके लिए आपको कुछ खर्च करना पड़े।



www.ChildrenAreImportant.com – Children's ministry resources, Sunday School, and Vacation Bible School (VBS) curriculum for churches and teachers. Hindi

# शांति–बनाम–डर


*बाइबल की कहानी: पतरस पानी पर चलता है*


मत्ती 14:22–33

याद करने की आयत:

**यदि तुम्हारा विश्वास राई के दाने के बराबर भी हो, तो इस पहाड़ से कह सकोगे, कि यहां से सरककर वहां चला जा, तो वह चला जाएगा; और कोई बात तुम्हारे लिये अन्होनी न होगी।**

मत्ती 17:20







## रिंग के अंदर

कुछ ऐसा चुनें जिसे करना आपको असंभव लग रहा है या आपको करने में डर लग रहा है। यीशु से उस काम को पूरा करने की मदद मांगें। फिर धीरे धीरे उस काम को करने के लिए कदम बढ़ाएं। सफलता पाने के लिए आरंभ करना आवश्यक है, यद्यपि आप पतरस की तरह डूब सकते हो। उद्देश्य यह है कि आप कुछ ऐसा चुनें जो असंभव या काफी कठिन लगता है, और फिर उस काम को करने का प्रयास करें।



www.ChildrenAreImportant.com – Children's ministry resources, Sunday School, and Vacation Bible School (VBS) curriculum for churches and teachers. Hindi




# शांति–बनाम–कलह

*बाइबल की कहानी: दूसरा गाल भी दिखायें*

मत्ती 5:38–42





याद करने की आयत:


**जहां तक हो सके, तुम अपने भरसक सब मनुष्यों के साथ मेल मिलाप रखो।**

रोमियों 12:18



## रिंग के अंदर


इस हफ्ते अपने साथ कम से कम एक बार कुछ गलत होने दें। (अक्सर अपने आप ही ऐसा हो जाता है।) आपका गृहकार्य है कि आप कुछ भी न करें।



# शांति–बनाम–आत्मविश्वास

*बाइबल की कहानी: यीशु ने 5000 लोगों को खिलाया*

लूका 9:10–17








याद करने की आयत:

**और उस ने मुझ से कहा, मेरा अनुग्रह तेरे लिये बहुत है; क्योंकि मेरी सामर्थ निर्बलता में सिद्ध होती है; इसलिये मैं बड़े आनन्द से अपनी निर्बलताओं पर घमण्ड करूंगा, कि मसीह की सामर्थ मुझ पर छाया करती रहे।**

2 कुरिन्थियों 12:9



## रिंग के अंदर

परमेश्वर से मांगें कि वह आपको एक ऐसे क्षेत्र में सेवा करने का अवसर दें जहां पर आप कमजोर हो। अपनी कलीसिया में जाकर उस सेवकाई को करने के लिए अपने आप को प्रस्तुत करें। यदि आप शांत स्वभाव के हो, तो इस हफ्ते ज्यादा से ज्यादा बातें करें। यदि आप ज्यादा बातें करते हो, तो इस हफ्ते शांत रहने का प्रयास करो।



www.ChildrenAreImportant.com – Children's ministry resources, Sunday School, and Vacation Bible School (VBS) curriculum for churches and teachers. Hindi

# हम सभी परमेश्वर की नज़र में एक जैसे ही हैं।

देखो पिता ने हम से कैसा
प्रेम किया है, कि हम परमेश्वर
की सन्तान कहलाएं,
और हम हैं भी
1 यूहन्ना 3:1



Champions Medium
Hindi
20021

www.ChildrenAreImportant.com
info@childrenareimportant.com
We are located in Mexico.
DK Editorial Pro-Visión A.C.

बच्चें महत्वपूर्ण है